प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.05.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **14 खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा : ग्रेड ए धान के लिए दो हजार 461 रुपये, और अरहर दाल के लिए आठ हजार 450 रुपये प्रति कुन्तल होगो एमएसपी।**
2. **वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटाया सुरक्षा काफिले का आकार : प्रदेश में भी ईंधन बचाने के विभिन्न उपायों पर जारी हुए दिशा निर्देश।**
3. **सीबीएसई के 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित : 85 फीसदी से ज्यादा विद्यार्थी पास : छात्राएं रहीं अव्वल।**

**और**

4. **राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में आंधी, बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत : सीतापुर और कानपुर देहात में गिरे ओले।**

——————————

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सीजन 2026–27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की मंजूरी दी है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने किसानों को उनके उत्पादों का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढा**

दिया है। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के लिए किसानों को अनुमानित दो लाख साठ हजार करोड रुपये का भुगतान किया जाएगा। बाइट.....

*खरीफ के लिए जो फैसला लिया गया, उसमें जितने भी खरीफ के क्रॉप्स है, उन सब में कॉस्ट प्लस 50 प्रतिशत या 50 से अधिक टोटल ₹2,60,000 करोड़ किसानों को पे आउट जाएगा इस पूरे फैसले से और इस साल का एनुअल खरीफ प्रोक्योरमेंट होगा 824 लाख मेट्रिक टन एलएमटी।*

श्री वैष्णव ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य में 622 रुपये प्रति क्विंटल की अधिकतम बढोत्तरी सूर्यमुखी बीजों के लिए की गई है। ग्रेड ए धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार 461 रुपये प्रति कुन्तल, सामान्य के लिये 2 हजार 441 रुपये प्रति कुन्तल हाइब्रिड ज्वार के लिए चार हजार 23 रुपये प्रति कुन्तल, बाजरा के लिए दो हजार 9 सौ प्रति क्विंटल, मक्का के लिये 2 हजार 410 रुपये प्रति कुन्तल और अरहर दाल के लिए आठ हजार 450 रुपये प्रति कुन्तल, मूंग के लिये 8 हजार 780 रुपये प्रति कुन्तल होगा। मंत्रिमंड़ल के फैसलों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आभार जताया है। खरीफ फसलों की एमएसपी वृद्धि पर प्रदेश के किसानों ने खुशी जताई है। वाराणसी के किसान दुर्गेश ने बताया कि इससे किसानों को फायदा होगा। बाइट.....

*जो केंद्र सरकार ने हम जैसे किसानों के लिए जो समर्थन मूल्य बढ़ाया है। यह एक तरह से अगर कहा जाए तो यह बहुत ही लाभदायक होगा क्योंकि जिस तरह से समर्थन मूल्य जो घट रहा था, हम किसानों*

*को बड़ा ही घाटा हो रहा था। लेकिन एमएसपी बढ़ने के साथ–साथ हम लोगों की आय में भी दुगना होगी और इस सरकार के फैसले को हम बहुत ही सराहना पूर्वक उन्हें धन्यवाद देते हैं।*

——————————

पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद केंद्र और राज्य सरकारों ने ईंधन बचत उपाय तेज़ किए हैं। वैश्विक ईंधन कीमतों में वृद्धि के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में घरेलू दौरों के लिए अपने काफिले का आकार काफी कम कर दिया है। विशेष सुरक्षा समूह–एसपीजी प्रोटोकॉल के अन्तर्गत अनिवार्य सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं बरकरार रखी हैं। एक रिपोर्ट.....

*यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने और पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाकर आर्थिक मजबूती में योगदान के लिए प्रधानमंत्री की सात अपीलों के अनुरूप है। सूत्रों के अनुसार काफिले का आकार कम करने के बावजूद, प्रधानमंत्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी महत्वपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाएं यथावत बनी रहेंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जहां भी संभव हो, बिना कोई नई खरीद किए, उनके काफिले में इलेक्ट्रिक वाहन शामिल किए जाएं। अंकित की रिपोर्ट के साथ अमीषा।*

——————————

गृहमंत्री अमित शाह ने भी अपने काफिले का आकार घटाकर आधे से भी कम कर दिया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेशवासियों से प्रधानमंत्री के आह्वान से जुड़ने की अपील की। मुख्यमंत्री

ने प्रदेशवासियों से कहा कि ईंधन की खपत कम करें और अनावश्यक सोने की खरीद न करें। उन्होंने एक उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री व मंत्रियों आदि की फ्लीट में तत्काल 50 प्रतिशत की कमी की जाए। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेनागरिकों से ईंधन की खपत कम करने और सोने की अनावश्यक खरीद से बचने का आग्रह किया। rajya ke varishth adhikariyo के साथ बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेमुख्यमंत्री, मंत्रियों और अन्य लोगों के वाहनों के बेड़े को तत्काल 50 प्रतिशत तक कम करने का निर्देश दिया। उन्होंने आधिकारिक काफिलों से अनावश्यक वाहनों को हटाने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने राज्य में घर से काम करने की संस्कृति को प्राथमिकता देने की भी अपील की। उन्होंने मेट्रो सेवाओं, सार्वजनिक परिवहन और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों के उपयोग पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और जन प्रतिनिधियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना चाहिए। सप्ताह में एकबार वाहन निषेध दिवस yani no vehicle day का आयोजन भी किया जाना चाहिए। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

इसी क्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा की संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित अध्ययन भ्रमण के समस्त कार्यक्रमों को अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया है।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव का 38 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनकी पत्नी अपर्णा बिष्ट यादव भाजपा की सदस्य हैं और वर्तमान में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपर्णा यादव के घर जाकर प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी घर् जाकर शोक संवेदना व्यक्त की।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 मई को गोरखपुर में अंचल के पहले और प्रदेश के चौथे इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन व शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को देखते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा

ने संबंधित अधिकारियों के साथ आज परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। एक रिपोर्ट......

*निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कार्य में तेजी लाने और सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने पर जोर दिया। गोरखपुर–वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में यह इंटरनेशनल स्टेडियम 392.94 करोड़ रुपये की लागत से आकार लेगा। निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में 63.39 करोड़ रुपये जारी हो चुके हैं। गिरीश नारायण आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।*

———————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई. ने आज कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए। छात्र रोल नंबर डालकर आधिकारिक वेबसाइट, डिजीलॉकर और उमंग ऐप पर अपना परिणाम देख सकते हैं। इस वष सी.बी.एस.ई. की कक्षा 12वीं की विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी विषयों की परीक्षाएं 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक आयोजित की गईं थी। सी.बी.एस.ई. ने एक बयान में बताया कि 17 लाख 68 हजार से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 15 लाख 7 हजार से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 85 दशमलव दो–शून्य प्रतिशत है। छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88 दशमलव आठ–छह प्रतिशत है, जबकि छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82 दशमलव एक–तीन प्रतिशत है।

———————

मुख्य सचिव एस.पी.गोयल ने आज जनगणना–2027 के तहत प्रदेश में चल रही स्व–गणना प्रक्रिया की समीक्षा कर वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को अभियान में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि आम जनों के बीच व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

————————

दुग्ध उत्पादक कम्पनी अमूल ने दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी का ऐलान किया है, जो कल से पूरे देश में लागू हो जायेगी।

————————

राजधानी लखनऊ और आस पास के जिलों में बारिश और तेज आंधी की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज हुई जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। सीतापुर जिले में कई स्थानों पर ओले गिरे। कई जगहों पर पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। वहीं कानपुर देहात के रसूलाबाद थाना क्षेत्र में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। अमरोहा में भी दिन में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। कई स्थानों पर पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित हुआ। हालांकि मौसम विभाग ने कल से प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। विभाग के मुताबिक प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में 16 और 17 मई को लू चलने की संभावना है।

(समाप्त)